पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

(राजभवन सूचना परिसर)

राजभवन में नवरात्रि के सातवें दिन देवी आराधना के साथ गरबा जारी

राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी समेत अन्य गणमान्यों की रही उपस्थिति।

लखनऊः 21अक्टूबर, 2023

नवरात्रि की सप्तमी तिथि को राजभवन में आज मां दुर्गा की आराधना व आरती की गई। कार्यक्रम में राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण श्री दानिश आजाद अंसारी, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉक्टर सुधीर महादेव बोबडे, कुलपति डॉ0 शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ, प्रो0 राणा कृष्ण पाल सिंह व अन्य गणमान्य सम्मिलित हुए।

राजभवन में गरबा महोत्सव के आज लगातार सातवें दिन प्रतिभागियों ने गरबा में सामूहिक रूप से शामिल होकर सामाजिक एकता का संदेश दिया। देवी की आराधना व आरती के साथ गरबा में राज भवन के अधिकारी, कर्मचारी, अध्यासितगण, आमंत्रित गणमान्य, छात्र-छात्राओं व उम्मीद संस्था के बच्चों ने शामिल होकर सामूहिक रूप से गरबा किया।

विदित है कि राज्यपाल जी द्वारा 15 अक्टूबर से राजभवन में नवरात्रि के साथ गरबा महोत्सव का शुभारंभ हुआ था। इसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में आमंत्रित श्रद्धालु व प्रतिभागी शामिल होकर देवी की आराधना, आरती व गरबा करते हैं।

कृष्ण कुमार,

सूचना अधिकारी, राजभवन

सम्पर्क सूत्र- 9454468250